# बिहार सरकार
## विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक– वि॰प्रा॰(III) ब$^{3}$ –13/2016–                         /पटना, दिनांक–

प्रेषक,

**अतुल सिन्हा,**
निदेशक

सेवा में,

प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक, लखीसराय एवं राजकीय महिला पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2016–17 में आयोजना भिन्न (गैर योजना) बजट ''मुख्य शीर्ष –2203–तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष– 105– बहुशिल्प (पोलिटेकनिक) विद्यालय, मांग संख्या–43, उपशीर्ष –0001– प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम'' (विपत्र कोड– एन 2203001050001) के अधीन अतिरिक्त आवंटन।

महाशय,

निदेशानुसार, वित्तीय वर्ष 2016–17 में पूर्व निर्गत आवंटनादेश संख्या–1(आ), दिनांक 12.04.2016, संख्या–6(आ), दिनांक 10.05.2016, संख्या–87(आ), दिनांक 03.10.2016 एवं संख्या–118(आ), दिनांक 27.12.2016 के क्रम में विषयांकित बजटशीर्ष के अधीन 1304 विद्युत प्रभार विषयशीर्ष में पुनर्विनियोग के माध्यम से उपबंधित राशि से 31 मार्च 2017 तक नियमानुसार व्यय हेतु विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक, लखीसराय एवं राजकीय महिला पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर को क्रमशः रू॰ 5,00,000=00 मात्र एवं रू॰ 6,00,000=00 मात्र अर्थात कुल रू॰ 11,00,000=00 (ग्यारह लाख रूपये) मात्र का अतिरिक्त आवंटन प्रदान किया जाता है।

2. यह आवंटन वित्त विभाग के पत्रांक–2561/वि(2) दिनांक 17.04.1998 एवं पत्रांक–4572, दिनांक 03.06.के आलोक में दिया जा रहा है। अतएव उक्त परिपत्रों तथा वित्त विभाग के अन्य सुसंगत परिपत्रों में निहित दिशा–निर्देशों का अनुपालन निकासी एवं व्ययन के पूर्व निश्चित रूप से किया जाय।

3. उक्त आवंटित राशि का दूसरे विषयशीर्षो में अपवर्तन कदापि नहीं किया जाय। यदि किसी विषयशीर्ष में राशि का व्यय संभावित नहीं हो तो उक्त विषयशीर्ष में आवंटित राशि का यथाशीध्र प्रत्यार्पण कर विभाग को वापस लौटा दिया जाय।

4. विभिन्न विषय शीर्षो में राशि की निकासी हेतु विपत्रों के उपस्थापन के क्रम में कृपया यह सुनिश्चित किया जाय कि विपत्रों पर समुचित आयोजना भिन्न, कोड संख्या सहित शीर्षो का नाम, मॉग संख्या, विपत्र कोड तथा कुट संख्या सहित विषयशीर्षो के नाम का सुस्पष्ट उल्लेख रहे ताकि महालेखाकार बिहार, पटना के कार्यालय में विपत्रों के पोस्टिंग में सुविधा हो सके।

5. स्वीकृत्यादेश/आवंटनादेश तथा विपत्रों में कोड संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करने के संबंध में वित्त विभाग के पूर्व प्रेषित पत्रांक–280/वि0, दिनांक 29.03.2003 में अंकित दिशा–निर्देशों का आक्षरशः अनुपालन किया जाय।

6. व्यय विवरणी टी0 भी0 नं0 एवं तिथि सहित प्रत्येक माह के 7(सात) तारीख तक महालेखाकार, बिहार, पटना एवं अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेगें।

7. इसमें प्रधान सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह॰/ –

**(अतुल सिन्हा)**
निदेशक
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक – वि॰प्रा॰(III) ब$^{3}$ –13 / 2016– / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰) बिहार, पटना / महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना / वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –

निदेशक

ज्ञापांक – वि॰प्रा॰(III) ब$^{3}$ –13 / 2016– / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि – कोषागार पदाधिकारी, लखीसराय एवं मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰/ –

निदेशक

ज्ञापांक – वि॰प्रा॰(III) ब$^{3}$ –13 / 2016– 141 / पटना, दिनांक– 10/2/2017

प्रतिलिपिः– : प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग (लि॰) कं॰, विद्युत भवन, बेली रोड, पटना / उप निदेशक (यो॰) / आई॰टी॰ मैनेजर (ई–मेल एवं विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु) / एक अतिरिक्त प्रति गार्ड फाईल में संधारण हेतु (निर्गत शाखा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.02.17

निदेशक

6/2/17